एकता, उपलब्धि और ज़िम्मेदारी

आप सभी का फिर से स्वागत है। मुझे उम्मीद है कि आपको श्रम दिवस की छुट्टियों में बहुत आनंद आया होगा और आपको आराम करने और ऊर्जा प्राप्त करने का मौका मिला होगा। मुझे यकीन है कि आपको इन छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिला होगा।

हमारे स्कूलों में हो रही अद्भुत घटनाएं मुझे अचंभित कर रही हैं! हमें तरह-तरह से सहभागिता, विकास और उत्साह के उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। आज, मुझेकुछ शानदार समाचार आप लोगों को बताते हुए बहुत खुशी हो रही है: Smoke Rise एलिमेंटरीऔरTucker मिडिलनेH-PRIDE प्रमाणिकरणप्राप्त किया है! इन स्कूलों ने हमारे विद्यार्थियों, स्टाफ, परिवारों और समुदाय भागीदारों को लाभ पहुंचाने के हमारे सामूहिक प्रयासों को गति देने वाले हमारे मूल सिद्धांतों के प्रति उनकी अटल प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। बधाई हो!

अपने मिशन को आगे बढ़ाने के बारे में बात करते हुए, हम भाग्यशाली हैं कि हमें एक ऐसा शिक्षा बोर्ड मिला है जो कि अनगिनत तरीकों से सफलता हासिल करने में हमारी मदद करता है। उनके अभिनव विचार और सहयोग करने की भावना हमारे विद्यार्थियों को समर्थन देने और उत्कृष्टता पाने की हमारी साझा परिकल्पना में महत्वपूर्ण तरीके से योगदान करती है। समान विचार रखने वाले ऐसे शानदार भागीदारों का साथ पाने से मैं बहुत खुश हूं जो हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग देने को सदा तैयार रहते हैं।

वैसे तो मुझे DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में होने वाली अनेक शानदार घटनाओं के बारे में इस साप्ताहिक संचार के माध्यम से जानकारी देने में मज़ा आता है, लेकिन मैं आपको उन मुश्किल परिस्थितियों के बारे में भी बताना चाहूंगा, जिनसे हमारा समुदाय प्रभावित है।

सोमवार सुबह वाहन दुर्घटना में Lakeside हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों की मृत्यु हो गई। हमारी हार्दिक संवेदनाएं और समर्थन मृतकों के परिवार वालों के प्रति है और इस त्रासदी से बचे लोगों के प्रति शक्ति है। इस पूरे सप्ताह और आगे भी हमारे डिस्ट्रिक्ट में उन विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए शोक परामर्श का आयोजन किया जाएगा और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें इन समर्थन सेवाओं की आवश्यकता होगी।

पिछले सप्ताह, Chapel Hill एलिमेंटरी स्कूल के विद्यार्थियों ने दो अभिभावकों द्वारा उनकी बस में चढ़ कर ड्राइवर पर हमला करते हुए देखा। उस बस ड्राइवर को इस बेवजह के हमले में गंभीर चोटें आईं और वह अब अपना इलाज करा रहा है।

हमारे स्कूलों में या बोर्ड की किसी भी संपत्ति पर हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। मुझे पता है कि इस प्रकार की घटना दुर्लभ है और हमारे अनेक वफादार परिवार और समुदाय भागीदार इस प्रकार की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। यदि कभी भी आप खुद को ऐसी किसी परिस्थिति में पाते हैं जिसका समाधान आपके अनुसार स्कूल अधिकारियों द्वारा किया जाना चाहिए, तो कृपया याद रखें कि हमारे अधिकारी आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

हमेशा की तरह, हमारे स्कूलों और डिस्ट्रिक्ट के साथ भागीदारी करने के लिए आपका धन्यवाद। मैं कामना करता हूं कि आने वाले सप्ताहों में भी आपको इसी तरह से नई जानकारी उपलब्ध कराता रहूंगा।

Dr. Devon Q. Horton
अधीक्षक DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट